3. अपील में अपीलार्थी ने यह आधार लिया है कि अपीलार्थी का स्थानांतरण बिना सम्भागीय आयुक्त की अनुमति के 2 वर्ष पूर्व ही किया गया है। अपीलार्थी के अधिवक्ता का यह भी तर्क है कि अपीलार्थी के संबंध में स्थानांतरण का औचित्य दर्शित किया जाना भी आवश्यक था, जो दर्शित नहीं किया गया है। उनका यह भी तर्क है कि ऐसा ही मत माननीय अधिकरण के अपील संख्या 646/2024 महिपाल सिंह बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 06.03.2024 (अनुलग्नक–4) एवं अपील संख्या 1674/2024 बृजेन्द्र सिंह बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 23.04.2024 (अनुलग्नक–5) द्वारा स्थगन आदेश दिया गया है।

4. प्रत्यर्थी विभाग की ओर से अधिवक्ता का कथन रहा है कि अपीलार्थीगण का स्थानांतरण प्रशासनिक कारणों से किया गया है। चुंकि प्रशासनिक कारण होना स्थानांतरण आदेश में अंकित किया गया है। ऐसे में स्पष्ट है कि अपीलार्थीगण के संबंध में संतुष्टी दर्ज होना माना जा सकता है। ऐसे में अपीलार्थीगण का स्थानांतरण राजस्व मण्डल के दिशा–निर्देशों के विरूद्ध होना नहीं माना जा सकता है। प्रत्यर्थी विभाग द्वारा बहस के दौरान अवगत कराया गया कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर डी.बी. स्पेशल अपील रिट संख्या 53/2020 गोपालाराम बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य में जिला कलक्टर द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश को उचित माना है।

5. हमने उभय पक्ष के विद्वान् अधिवक्तागण द्वारा दिए गए तर्कों पर विचार किया।

6. इन अपीलों में आलौच्य स्थानान्तरण आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि आलौच्य स्थानान्तरण आदेश 2 वर्ष की कम अवधि में जिला कलक्टर द्वारा जारी किए गये है एवं इनको जारी करने से पूर्व जिला कलक्टर द्वारा राजस्व मण्डल के परिपत्र दिनांक 30.10.1993 की अनुपालना नहीं की है एवं संभागीय आयुक्त से अनुमति लिए बिना आलौच्य आदेश जारी किए गए है।

7. माननीय उच्च न्यायालय ने प्रकरण समयसिंह मीणा बनाम राजस्थान राज्य (2024 0 Supreme(Raj)851) निर्णित दिनांक 09.07.2024 में पटवारियों के स्थानांतरण के संबंध में परिपत्र दिनांक 30.10.1993 के संबंध में यह माना है कि उक्त दिशा–निर्देश आज्ञापक प्रकृति के नहीं है, वो केवल स्थानांतरण नीति होना माना जा सकता है। उक्त निर्णय में यह भी माना गया है कि स्थानांतरण राजकीय सेवा का एक भाग एवं सरकार प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए नियमानुसार अपने कर्मचारी का स्थानांतरण कर सकती है ताकि ठीक प्रकार से प्रशासन व्यवस्था रखी जा सके।

8. माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने डी.बी.स्पेशल रिट संख्या 53/2020 गोपालाराम बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 28.01.2020 में Reportable निर्णय को निम्नानुसार प्रतिपादित किया हैः–

